# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कमल कान्त शर्मा निवासी– 195/23 राणा सांगा मार्ग, द्वारिकापुरी सर्किल, प्रताप नगर, जयपुर 302033

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय

अपील संख्या 141/2025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

## निर्णय

दिनांक 20.11.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकरायको प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकरायसे संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकरायको पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/ 2896 दिनांक 06.11.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकराय ने पत्र कमांकःआरटीआई/2025/848 दिनांक 10.11.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से जरिये पत्र कमांकःआरटीआई/2025/694 दिनांक 10.10.2025 के द्वारा अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:18:31 IST
Reason: SelfAttested